NT>

Title: Need to bring legislation for creation of three new States of Chhatisgarh, Uttaranchal and Vananchal early.

श्री मोतीलाल वोरा (राजनांदगांव): केन्द्र सरकार ने तीन पृथक राज्यों छत्तीसगढ़, उत्तराखंड तथा वनांचल के गठन की घोषणा की थी। छत्तीसगढ़वासियों को इस बात का आश्वासन दिया गया था कि नए राज्यों के गठन का विधेयक संसद के इसी शीतकालीन सत्र में पेश किया जाएगा। विधान सभाओं के चुनावों के दौरान अनेक मंत्रियों ने भी इस बात की घोषणा की थी। परन्तु केन्द्र सरकार द्वारा इस सत्र में पेश किए जाने वाले बिलों की प्राथमिकता सूची में नए राज्यों के गठन के बिल का कोई उल्लेख नहीं है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि अलग राज्यों के निर्माण हेतु विधेयक शीघ्र लाया जाए।